हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

मिल्कियाना®
Balanced Cattle Feed
Presents

कृषि संवाद

Agriculture Canclave 2026



Thursday, 22 Oct 2026

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

Health Partner
ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

अंचल में नवरात्रि की धूम...


श्री माता राजराजेश्वरी तिरुपुर सुंदरी श्री बालाजी दरबार


युवा एकता दुर्गा उसत्व समिति रेस्ट हाउस के पास खरोरा।


आजाद चौक दुर्गा प्रसाद समिति ग्राम छड़िया।


संगम बाल समाज दुर्गा उत्सव समिति दुर्गा चौक ग्राम बुडगहन।

खबर संक्षेप



संजय जैन के मरणोपरांत परिवार ने कराया नेत्रदान

बलौदाबाजार। श्री संजय जैन छावड़ा का 13 अक्टूबर को निधन हो गया। उनके निधन से परिवार एवं परिचितों में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में किया गया। दुःख की इस घड़ी में परिवार ने मानवीय संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकार का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। स्वर्गीय संजय जैन छावड़ा की इच्छानुसार परिजनों ने



सर्वसम्मति से उनके निधन के पश्चात जिला चिकित्सालय में नेत्रदान कराया। परिवार के इस निर्णय से जरूरतमंद व्यक्तियों के जीवन में रोशनी लाने की उम्मीद जगी है। नेत्रदान को मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता है। इससे दृष्टिबाधित व्यक्तियों को नई रोशनी मिलने की संभावना बनती है। संजय जैन छावड़ा के परिवार की यह पहल समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में प्रेरणादायी साबित हो सकती है। संजय जैन छावड़ा स्वर्गीय श्री महावीर छावड़ा के सुपुत्र थे। वे अजय जैन, प्रवीण जैन, नीरज जैन, धीरज जैन एवं रवि जैन के बड़े भाई थे। शोक के बीच परिवार द्वारा लिया गया यह निर्णय दिवंगत संजय जैन छावड़ा की इच्छाओं के सम्मान के साथ ही मानव सेवा के प्रति समर्पण का संदेश है।

शोक संतप्त परिवार को प्रदान की गई आर्थिक सहायता



बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ शासन की योजना के अंतर्गत नगर पालिका द्वारा मृत परिवार के मुखिया को सदस्य की मृत्यु पर अंतिम संस्कार व प्राथमिक व्यय हेतु श्रद्धांजलि राशि का भुगतान किया जाता है। नगरपालिका के द्वारा श्रद्धांजलि राशि वितरण योजना के तहत नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा श्रद्धांजलि राशि का वितरण किया गया, गरीबी रेखा से नीचे होने पर संजय कॉलोनी में निवासरत धर्मेंद्र कटरा की बहन के निधन पर उक्त श्रद्धांजलि राशि का वितरण नगर पालिका में किया गया।

न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)
रा.मा.क्रमांक 2026081103000090
अ/27 वर्ष 2025-26
ग्राम -सुंगेरा, प.ह.नं. 02

राजस्व मामले की नोटिस

प्रति,
1. श्रीमती सरला शर्मा पति स्व. विरेन्द्र कुमार शर्मा, निवासी-मकान नं.27, सांई मंदिर के पास सुंदर नगर सोसायटी रायपुर (छ.ग.) 2. श्रीमती संध्या शर्मा पति स्व. गौरव शर्मा, 3. अर्जुन शर्मा पिता स्व. गौरव शर्मा, दोनो निवासी-द्वारा कमल किशोर तिवारी शिवरीनारायण, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार हनुमंता पिता पवन कुमार वगैरह द्वारा ग्राम सुंगेरा, प.ह.नं. 02 स्थित भूमि खसरा नंबर 493/1, 493/2 रकबा क्रमशः 1.554, 2.614 हे. का माननीय न्यायालय सप्तम जिला न्यायाधीश रायपुर के व्यवहार अपील क्रमांक 125 अ/2024 निर्णय दिनांक 31.07.2026 के अनुसार खाता विभाजन हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

इस संबंध में दिनांक 28.10.2026 को उपस्थित होकर अपना जवाब पेश करे, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने की स्थिति में प्रकरण में विधिवत् अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 12.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा
जिला - रायपुर (छ.ग.)
मुहर

23वें गरबा महोत्सव में 500 प्रतिभागी बिखेरेंगे रंग, महाआरती होगी आकर्षण का केंद्र, 19 अक्टूबर तक सजेगी गरबा की महफिल

तिल्दा के दुर्गा बाड़ा में आज से गरबा महोत्सव की धूम



हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

नवरात्रि की भक्ति, गरबा की थाप और रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों से तिल्दा-नेवरा का सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति का दुर्गा बाड़ा आज से गुलजार होने जा रहा है। यहां 14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक छह दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन होगा। महोत्सव के 23वें वर्ष को लेकर प्रतिभागियों में खासा उत्साह है, वहीं शहरवासी भी इस सांस्कृतिक आयोजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। समिति द्वारा पिछले 44 वर्षों से मां दुर्गा की स्थापना कर उत्सव मनाया जा रहा है। इस बार गरबा महोत्सव में महाआरती आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगी। लगभग 8 हजार वर्गफीट के गोलाकार आयोजन क्षेत्र में दो अलग-अलग सर्कल बनाए गए हैं। इनमें करीब 500 प्रतिभागी, बच्चों सहित, सामूहिक रूप से गरबा करते नजर आएंगे। महाआरती के दौरान फूल और सूरज की आकृतियों की मनमोहक प्रस्तुति के बाद चौकड़ी-छकड़ी की ताल पर गरबा की रंगारंग छटा बिखरेगी।

10 दिन के अभ्यास के बाद मैदान में उतरेंगे प्रतिभागी: गरबा की आकर्षक प्रस्तुति के लिए प्रतिभागियों ने लगातार 10 दिनों तक रिहर्सल की है। इस दौरान गरबा के अलग-अलग स्टेप्स, तालमेल और सामूहिक प्रस्तुतियों का अभ्यास किया गया, ताकि आयोजन के दौरान हर प्रस्तुति दर्शकों को आकर्षित कर सके। प्रतिदिन अलग-अलग थीम पर आधारित गरबा प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे छह दिनों तक उत्सव में विविधता और नया रंग देखने को मिलेगा।

बिना पास मिलेगा प्रवेश, सहयोगी परिवारों के लिए अलग व्यवस्था: समिति के आयुष कोटवानी ने बताया कि दुर्गा बाड़ा में आयोजित गरबा महोत्सव में प्रवेश के लिए किसी प्रकार का पास जारी नहीं किया जाता। जो दर्शक पहले पहुंचेंगे, उन्हें उपलब्धता के अनुसार बैठने की जगह मिलेगी। वहीं समिति को सहयोग देने वाले शहर के 72 परिवारों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की गई है।रानी कोटवानी, अनुष्का और मुस्कान बत्रा ने बताया कि गरबा महोत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतिदिन रात 9:30 बजे से शुरू होने वाला गरबा मध्यरात्रि 12 बजे तक चलेगा। भक्ति, संगीत, पारंपरिक नृत्य और सामूहिक उत्साह से सजा यह आयोजन तिल्दा-नेवरा के लोगों को एक बार फिर नवरात्रि की सांस्कृतिक परंपरा से जोड़ने के साथ शहर में उत्सव का माहौल बनाएगा।गरबा में छत्तीसगढ़, गुजरती, सिन्धी राजस्थानी ,देवी के भजनों पर गरबा प्रस्तुत किया जायेगा।

मां दुर्गा के नौ स्वरूप...


नगर पंचायत पलारी के वार्ड नं 12 शांति नगर वार्ड में माँ दुर्गा जी की नौ स्वरूपों को स्थापित कर विधी विधान से पूजा अर्चना की जा रही है।


बजरंग चौक बाँसबिनौरी में विराजी मां दुर्गा


पीपल चौक कौड़िया में विराजी मा दुर्गा

चित्रकला व रंगोली के जरिए दिया गया समानता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



कन्याओं के अधिकारों की रक्षा, उनके सम्मान और समाज में बराबरी का भाव जगाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया कि, इस मौके पर छात्राओं ने चित्रकला, रंगोली और भाषण प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कन्या भ्रूण हत्या रोकने तथा बेटियों को समान अवसर देने का मजबूत संदेश दिया। छात्राओं ने सामाजिक मुद्दों पर अपनी सोच और कलात्मक कौशल के जरिए प्रभावी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिताओं में शामिल विजेता बालिकाओं- तारिणी साहू,गरिमा ध्रुव,आराध्या, दिशा, भाग्यश्री, दीपिका को सम्मानित किया गया। उन्हें स्वल्पाहार भी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर छात्राओं को अच्छी शिक्षा हासिल करने, लक्ष्य तय करने और परिवार व समाज का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने आकर्षक डिजाइनों के माध्यम से बालिका संरक्षण और लैंगिक समानता का संदेश रचा। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. अशोक वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा, अस्पताल सलाहकार रीना सलूजा, जिला सलाहकार हर्षलता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

बॉक्सिंग में यथार्थ साहू ने जीता रजत पदक

बलौदाबाजार। नगर के निवासी छात्र यथार्थ साहू ने बॉक्सिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर बलौदाबाजार का गौरव बढ़ाया है। यथार्थ ने भुवनेश्वर में आयोजित सीबीएसई फार ईस्ट जोन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026-27 में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। इस उपलब्धि के आधार पर उनका चयन हरियाणा के पानीपत में होने वाली राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यथार्थ साहू, पिता बलराम माखनलाल साहू एवं माता पूजा साहू, अकादमी वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थी हैं। उन्होंने प्रतियोगिता के विभिन्न मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया और रजत पदक अपने नाम किया। अब वे राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।यथार्थ ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग और नियमित अभ्यास को दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपने जिले और प्रदेश का नाम रोशन करना है। यथार्थ की इस उपलब्धि से उनके परिवार, विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अकादमी वर्ल्ड स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताया। विद्यालय के साथी विद्यार्थियों ने भी उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।



राजस्व प्रकरण का निराकरण नहीं तो किसान करेगा तारघेरा

बलौदाबाजार। राजस्व अभिलेखों में कथित गड़बड़ी और रिकॉर्ड दुरुस्ती नहीं होने से परेशान किसान छक्कनदास मनहरे ने एक बार फिर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शनिवार तक प्रकरण का निराकरण करने की मांग की है। निर्धारित समय तक कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने तारघेरा करने की तैयारी की बात कही है। मनहरे का आरोप है कि पटवारी अयूब खान, राधेश्याम बर्मन और अजय प्रभाकर के कार्यकाल में नक्शे में छेड़छाड़ और राजस्व रिकॉर्ड में सुधार से जुड़ी अनियमितताएं हुई हैं। उनका कहना है कि इस संबंध में वे पटवारी से लेकर तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर, संबंधित मंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल तक कई बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अब तक न तो अभिलेखों में अपेक्षित सुधार हुआ है और न ही उनकी शिकायत पर ठोस कार्रवाई हुई है। किसान ने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारियों से बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए प्रकरण के शीघ्र निराकरण की मांग की है।



पेज 3 के शेष

ई-ऑफिस में ...

कम समय मे निपटान के मामले मे उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मुख्य सचिव द्वारा टॉप 5 अधिकारियों को सम्मानित किया गया।इसमें बलौदाबाजार -भाटापारा जिले से कलेक्टर कुलदीप शर्मा,अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी एवं कसडोल के पूर्व एसडीएम राम रतन दुबे शामिल हैं। मुख्य सचिव ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शुभकामनायें देते हुए ई- ऑफिस एवं आई गॉट कर्मयोगी के कोर्स को अनिवार्य रूप से पूरा करने कहा।उन्होंने बताया कि प्रत्येक अधिकारी -कर्मचारी को हर माह कम से कम 1 घण्टे का कोर्स करना जरुरी है।इस कोर्स से प्राप्त प्रमाण पत्र का उल्लेख अधिकारी -कर्मचारियों के एपीआर मे भी होगा। मुख्य सचिव ने ई-ऑफिस अंतर्गत फ्राइल डिस्पोजल समय को कम करने पर जोर देते हुए कहा कि 12 घंटे तक डिस्पोजल टाइम को 60 अंक निर्धारित है। इससे ज्यादा समय होने पर कोई अंक देय नहीं है,इसलिए 12 घण्टे से जितना कम हो सके फाइल डिस्पोजल का सभी प्रयास करें। ज्ञातव्य है कि ई ऑफिस,आई गॉट कर्मयोगी एवं ई अटेंडेंस मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मंत्रालयीन एवं जिलों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिये मुख्य सचिव द्वारा हर माह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है।

जंगली सुअर का...

के बाद उपजेल बलौदाबाजार भेज दिया गया है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 10 अक्टूबर को वनमंडलाधिकारी श्री पंकज कुमार कमल (आईएफएस) एवं उप वनमंडलाधिकारी कसडोल अनिल वर्मा (एसीएफ) के निर्देशन में तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर श्री संतोष कुमार पैकरा के नेतृत्व में वन अमले द्वारा बया परिक्षेत्र के डुमरपाली परिसर में सघन गश्त की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम डुमरपाली में कुछ व्यक्तियों द्वारा जंगली सुअर के मांस का अवैध रूप से भंडारण किया गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग की टीम ने तत्काल संदेहियों के घरों में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान पूरन पिता जेठूराम भोई के घर से 0.100 किलोग्राम ताजा मांस, रविशंकर जगत के घर से 0.500 किलोग्राम पका हुआ मांस तथा पीताम्बर पिता बेदराम दीवान के घर से पकाकर खाया जा रहा मांस बरामद किया गया।

नवरात्रि और दशहरा ...

पर्वों के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों और संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। संदिग्धों से पूछताछ के साथ शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य पर्वों के दौरान आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना और किसी भी अप्रिय स्थिति को रोकना है।

सिंचाई पानी के...

सभी नहर मरम्मत हो गया है। और यही नहर दुर्गति हो गया है, किसानों ने बताया कि सिंचाई विभाग भटगांव में वर्तमान समय में न तो सब इंजीनियर है? न एसडीओ है? तो नहर के देख- देख कौन करेगा। और की किसानों को कैसे पानी मीलेगा, यह बहुत गंभीर चिंता का विषय है। गांव एवं क्षेत्र में इस समय तालाब में मोटर लगाकर किसानों ने सिंचाई करने में लगे हुए हैं। जिसका साधन है वहीं सिंचाई कर रहे हैं। बाकी किसान सिर पकड़कर बैठे हुए हैं। यदि शासन प्रशासन किसानों के प्रति चिंता होता तो देश के आजादी से अब तक किसानों के सिंचाई के साधन व्यवस्था कर दिए होते? तो आज ये दिन देखने को नही मिलता सभी किसानों के फ़सल हरा भरा होते। जब की शासन किसानों के आय को दुगुना करने डंका पीट रही है। ज्ञात हो कि गोपालपुर में निस्तारी के लिए तीन तालाब है। और सभी तालाब में मोटर लगाकर सिंचाई कर है , तो अब लोगों को नहाने में दिक्कत हो रही है। और पानी बदबू दे रही है। यह पहले वर्ष है कि तीनों तालाब के पानी में सिंचाई कर रहे हैं। आने वाला गर्मी समय में नहाने में परेशानी होगा व जल स्तर निचे चले जाएंगे जिससे पेय जल एवं निस्तारी संकट गहरा हो जाएगा।

मैराथन में सुरेश ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



- 42 किमी की दौड़ 2 घंटे 54 मिनट 23 सेकंड में पूरी कर आयु वर्ग में रहे प्रथम

बलौदाबाजार जिले के ग्राम खरतोरा निवासी धावक सुरेश कुमार साहू ने उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आयोजित सरमंग देहरादून मैराथन में शानदार प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया। उन्होंने 42 किलोमीटर की दौड़ 2 घंटे 54 मिनट 23 सेकंड में पूरी कर अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता में देशभर से धावकों ने हिस्सा लिया। चुनौतीपूर्ण मार्ग पर सुरेश साहू ने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। उनकी सफलता से जिले के खेल जगत में खुशी का माहौल है।

जिला आगमन पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सुरेश कुमार साहू को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने इस उपलब्धि को जिले के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए धावक को बधाई दी और भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या अग्रवाल भी उपस्थित रहीं। सुरेश साहू की उपलब्धि पर आईएल साहू, महेंद्र साहू, ठाकुर विश्वकर्मा, सरजू साहू, प्रदीप केरकेट्टा, मनोज साहू, हेमलाल वर्मा, तोलाराम साहू, कमलेश कुमार, मनीराम, धरम वर्मा, तारण मानिकपुरी, संतोष पटेल, रामकुमार यादव सहित अन्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।



तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला





ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क करें: मो. 7697212782
Advt.

नपा भाटापारा के लिए 5.87 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा।

नगर पालिका परिषद के विकास को गति देने संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत भाटापारा नगर पालिका परिषद के विभिन्न विकास कार्यों एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित प्रस्तावों को अनुमति प्रदान की गई है। जारी स्वीकृति आदेश के अनुसार, अनटाइड ग्रांट के अंतर्गत 450.69 लाख तथा टाइड ग्रांट के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन घटक के अंतर्गत 136.44 लाख के कार्यों एवं सामग्री के प्रस्तावों को अनुमति दी गई है। इस प्रकार कुल 587.13 लाख अर्थात लगभग 5 करोड़ 87 लाख 13 हजार के प्रस्तावों को अनुमति मिली है। इस योजना के अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड, आरसीसी नाली, पुलिया निर्माण तथा सड़क मरम्मत जैसे कार्य किए जाएंगे। साथ ही स्वच्छता व्यवस्था को आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए 300 आउटडोर वेस्ट बिन तथा एक मिनी एक्सकेवेटर मशीन की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। इनमें हथनीपारा, शक्ति, नयापारा, परशुराम, केके, गांधी मंदिर, शंकर, सदर, संजय, नेहरू, नयागंज, भगत सिंह, महासती, संत माता कर्मा, बलभद्र, गुरु नानक, संत रविदास, रामसागर, मुंशी स्माइल, शहीद वीर नारायण सिंह, लाल बहादुर शास्त्री, माता देवालय, बजरंग, स्टेशन सहित विभिन्न वार्डों के कार्य शामिल हैं।

बुनियादी ढांचे का विकास, विभिन्न वार्डों में सीसी रोड और नालियों का होगा निर्माण

स्वच्छता और सफाई व्यवस्था होगी मजबूत

शहर की सफाई व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए टाइड ग्रांट के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन घटक के अंतर्गत 300 आउटडोर वेस्ट बिन की स्थापना तथा एक मिनी एक्सकेवेटर मशीन की व्यवस्था के प्रस्ताव को भी अनुमति दी गई है। आउटडोर वेस्ट बिन की स्थापना से सार्वजनिक स्थलों पर कचरा संग्रहण को व्यवस्थित करने में सहायता मिलेगी। वहीं, मिनी एक्सकेवेटर मशीन से सफाई एवं संबंधित कार्यों में नगर पालिका की कार्यक्षमता बढ़ाने में मदद मिल सकती है। इससे स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित भाटापारा के निर्माण के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।



शहर के सर्वांगीण विकास के लिए हमारा संकल्पबद्ध प्रयास: अश्वनी शर्मा

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि भाटापारा का विकास केवल सड़कों और नालियों के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारा संकल्प शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनकी समस्याओं का समाधान करना और भाटापारा को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित नगर बनाना है। 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत लगभग 5.87 करोड़ रुपए के विकास एवं स्वच्छता संबंधी प्रस्तावों को मिली अनुमति इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में नगरीय सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
14 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
8

नवरात्रि विशेष



चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.
वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्।।

खबर संक्षेप

ई-ऑफिस में उत्कृष्ट कार्य पर कलेक्टर समेत 3 अधिकारी सम्मानित

बलौदाबाजार। डिजिटल प्लेटफार्म ई-ऑफिस के माध्यम से कार्यालायीन कार्य का क्रियान्वयन जिले मे कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन मे बेहतर ढंग से किया जा रहा है। सोमवार को मुख्य सचिव विकास शील ने रायपुर मे आयोजित कार्यक्रम मे ई - ऑफिस,आई गॉट कर्मयोगी एवं ई- अटेंडेंस मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी -कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी जिला कार्यालय कार्यक्रम से वीसी के माध्यम से ऑनलाइन जुड़े थे। इस अवसर पर ई-ऑफिस में अधिक फाइल और ⏭ शेष पेज 02 पर



खुलासा : फॉरेंसिक और ई-साक्ष्य की मदद से पकड़ा गया आरोपी, खून से लथपथ मिली थी लाश

चरित्र शंका में पति ने धारदार बसुला से की पत्नी की हत्या, भागने की फिराक में स्टेशन से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

चरित्र पर संदेह के चलते सोती हुई पत्नी की धारदार बसुला से वार कर नृशंस हत्या करने वाले आरोपी पति को भाटापारा ग्रामीण पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए भाटापारा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ट्रेन से शहर छोड़कर भागने की फिराक में था। घटना की जानकारी 11 अक्टूबर को प्रार्थी ने भाटापारा ग्रामीण थाने में दी। प्रार्थी ने बताया कि उसकी भाभी अपने कमरे में पलंग पर खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ी हुई हैं और उनके सिर व शरीर पर किसी धारदार हथियार से गंभीर चोट के निशान हैं। सूचना मिलते ही ग्रामीण पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए बलौदाबाजार से फॉरेंसिक एक्सपर्ट (वैज्ञानिक अधिकारी) को भी बुलाया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल को सील कर फॉरेंसिक टीम और ई-साक्ष्य तकनीक के माध्यम से बारीकी से निरीक्षण किया तथा खून से सने कपड़े व अन्य महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए।

सोती हुई पत्नी पर किया था बसुला से हमला

एसडीओपी मयंक रणसिंग एवं भाटापारा ग्रामीण थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतिका के पति लखन लाल बंजारे को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था, जिसके चलते दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। घटना वाली रात आरोपी ने सोती हुई पत्नी पर धारदार बसुला से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी और कमरे के बाहर ताला लगाकर फरार हो गया।



रेलवे स्टेशन पर दबिश देकर दबोचा

आरोपी की तलाश में पुलिस ने क्षेत्र में मुखबिरों का जाल बिछाया। मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि आरोपी शहर से बाहर भागने की फिराक में भाटापारा रेलवे स्टेशन पर मौजूद है। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी कर आरोपी लखन लाल बंजारे को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 103(1) बीएनएस के तहत पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर पुलिस ने उसे 13 अक्टूबर 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की।



मां महामाया मंदिर डमरू में उमड़ा आस्था का सैलाब

मुंडा। शक्ति की उपासना के पर्व नवरात्र के अवसर पर ग्राम डमरू स्थित ऐतिहासिक माँ महामाया मंदिर में आस्था और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा है। महामाया विकास समिति और समस्त ग्रामवासियों के विशेष सहयोग से इस वर्ष मंदिर में भव्य रूप से ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं मंदिर समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस बार नवरात्र पर्व पर कुल 1072 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं जिसमें तेल की ज्योति 919 एवं घृत (घी) की ज्योतिः 153 कुल प्रज्वलित ज्योति 1072 है। माता महामाया के दरबार में प्रज्वलित इन सैकड़ों दीपों की जगमगाहट से पूरा मंदिर परिसर आलौकिक और ऊर्जावान नजर आ रहा है। नवरात्र के इन पावन दिनों में माता के दर्शन और मनोकामना ज्योति के दर्शन के लिए डमरू सहित दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुँच रहे हैं।

जंगली सुअर का करंट लगाकर शिकार, मांस बेचने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

वन्य प्राणियों के अवैध शिकार और उनके मांस के विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में वन विभाग की टीम ने ग्राम डुमरपाली में जंगली सुअर के शिकार एवं मांस के अवैध भंडारण और विक्रय के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से जंगली सुअर का ताजा, पका और उबला हुआ मांस सहित शिकार में प्रयुक्त विद्युत जीआई तार एवं लकड़ी की खूंटियां जब्त की गई हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने ⏭ शेष पेज 02 पर

- जीआई तार व लकड़ी की 13 खूंटियां जब्त



वन विभाग ने की आमजन से अपीलः इस कार्रवाई में एससीएफओ श्री गजकुमार ठाकुर, बबलू निराला, अश्वनी रात्रे, ललित सोम, बीएफओ अजीत कुमार ध्रुव, आकाश नायक, रोहित खड़िया, रोहित दीवान एवं सुरक्षा श्रमिक देवानंद नेताम का विशेष योगदान रहा। वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि वन्य प्राणियों का शिकार करना गंभीर अपराध है। वन्यजीवों की सुरक्षा एवं प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार के अवैध शिकार, मांस के भंडारण या विक्रय में संलिप्त न हों। इस तरह की गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तत्काल वन विभाग को सूचित करें।

वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

वन विभाग ने आरोपियों के विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (संशोधित 2022) की धारा 2(16), 9, 39(3) एवं 51 के तहत पीओआर क्रमांक 15680/21, दिनांक 10 अक्टूबर 2026 को दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों को रिमांड के लिए माननीय न्यायालय कसडोल के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें उपजेल बलौदाबाजार भेजने का आदेश दिया गया। वन विभाग द्वारा प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है।

करंट लगाकर शिकार करने का खुलासा

पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी राजकुमार पिता घसिया बरिहा ने जंगली सुअर का शिकार करने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि विद्युत करंट लगाकर जंगली सुअर का शिकार किया गया था और उसके मांस को बेचने का काम किया गया। मामले में वन विभाग ने शिकार से संबंधित सामग्री भी जब्त की है। कार्रवाई के दौरान कुल 0.100 किलोग्राम ताजा मांस, 0.500 किलोग्राम पका हुआ मांस, एक किलोग्राम उबला हुआ मांस, शिकार में प्रयुक्त 0.700 किलोग्राम विद्युत जीआई तार तथा लकड़ी की 13 खूंटियां जब्त की गईं।

नवरात्रि और दशहरा पर पुलिस मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नवरात्रि, दशहरा एवं अन्य पर्वों के दौरान शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ कर दी है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार पैदल पेट्रोलिंग की जा रही है। प्रमुख बाजारों, चौक-चौराहों और दुर्गा पंडालों के आसपास पुलिस बल तैनात रहकर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रहा है। ⏭ शेष पेज 02 पर



सुहेला में भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक

नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ और यातायात के दबाव को देखते हुए ग्राम सुहेला में विशेष यातायात प्रबंधन किया गया है। यहां सुगम एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई गई है। मुख्य मार्गों से भारी वाहनों को हटाने की व्यवस्था भी की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो और दुर्घटनाओं की आशंका कम की जा सके। पुलिस ने पर्वों के दौरान नागरिकों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। पुलिस के अनुसार, जिले में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था और गश्त लगातार जारी रहेगी।

सिंचाई पानी के लिए जूझ रहे किसान सूखने की कगार पर फसलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

गांव एवं क्षेत्र के अधिकांश लोग कृषि पर आधारित है, जिसका जीवित के मुख्य साधन खेती करके जीवन निर्वहन करना। इसी के सोच के अनुरूप लोगों ने जी जान से खेती किसानी किया और धान के फ़सल को एक पानी के और जरुरत था। लेकिन वर्षा होना बंद हो गया। और क्षेत्र में सिंचाई के कोई साधन नहीं होने के कारण धान के फ़सल मरना प्रारंभ हो गया है। गांव एवं क्षेत्र के किसानों से मौखिक चर्चा करने



पर बताया कि सिंचाई विभाग भटगांव के अन्तर्गत बिला ब्यपवर्तक नहर क्षेत्र से गुजरा हुआ है। लेकिन शासन प्रशासन के लापरवाही के कारण मरम्मत के कार्य नही होने के कारण सिंचाई करने के लिए पानी नही मिल रहा है। जबकि क्षेत्र के ⏭ शेष पेज 02 पर

नवीन अग्रवाल का जनसंपर्क अभियान दूसरे दिन भी जारी

बांटी आवास की चाबियां और सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल द्वारा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-5 में शुरू किया गया जनचौपाल एवं जनसमस्या निवारण जनसंपर्क अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। अभियान के तहत बंगोली, कुर्रा, मुरा और धनसूली होते हुए रायखेड़ा में ग्रामीणों से संवाद किया गया।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने समस्याएं सुनीं और शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने पर जोर दिया। ग्राम बंगोली में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद प्रार्थना शेड, शौचालय, श्मशान घाट, सीसी रोड और अतिरिक्त कक्ष सहित विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। संबंधित अधिकारियों से समस्याओं के निराकरण के संबंध में चर्चा भी की गई। ग्राम कुर्रा और मुरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं नवनिर्मित आवासों की चाबियां सौंपी गईं।

अन्य पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता राशि के चेक एवं आवश्यक सामग्री भी प्रदान की गई।

मुरा में नवीन अग्रवाल ने बच्चों से संवाद कर उन्हें पढ़ाई और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।



धनसूली में मंत्री टंक राम वर्मा ने की अभियान की सराहना

धनसूली में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का गांवों तक पहुंचकर समस्याएं सुनना और शासकीय योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना जनसेवा की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने ग्रामीणों से पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। नवीन अग्रवाल ने कहा कि जनचौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का नियमानुसार निराकरण करना और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। अभियान में जिला पंचायत सभापति सरोज चंद्रवंशी, सविता चंद्राकर, स्वाति वर्मा, जनपद अध्यक्ष मुरली साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

एसआईआर मतदाता सूची को शुद्ध करने की संवैधानिक प्रक्रिया: साहू

भाटापारा। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा ओबीसी मोर्चा छत्तीसगढ़ सह प्रभारी मुंगेली जिला चन्द्रप्रकाश साहू ने कहा की एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है, यह दशकों से मतदाता सूची को शुद्ध करने की संवैधानिक प्रक्रिया है, ताकि फर्जी, मृत और दो जगह



नाम वाले वोटर हटें और हर पात्र मतदाता जुड़े। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है। वास्तव में वोट चोरी किसने की है, देश जानता है। घुसपैठियों को बसाकर, फर्जी वोट बनाकर तुष्टीकरण की राजनीति कांग्रेस ने की है। जब अवैध वोट कट रहे हैं तो इनके पेट में दर्द हो रहा है।राहुल गांधी और कांग्रेस के पास न मुद्दा है, न नेता, इसलिए चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं पर झूठा आरोप लगाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। जनता सब देख रही है। भारतीय जनता पार्टी चुनाव आयोग की इस पारदर्शी प्रक्रिया का पूर्ण समर्थन करती है।

पहंदा में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर निर्माण के लिए हुए भूमि पूजन



पलारी। नवरात्रि के अवसर पर अपने पूर्वजों के सपनों और अपने संकल्प को साकार करने करते हुए जंगलोर निवासी प्रेमदास बघेल ने ग्राम पंचायत घोटिया के आश्रित ग्राम पहंदा में जंगलोर मार्ग पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के निर्माण के लिए विधि-विधान से भूमि पूजन किया है। बघेल ने बताया कि हमारे बुजुर्गों का सपना था हनुमान मंदिर निर्माण का जिससे लोगों में धार्मिक भावना और बढ़े, जिसके लिए नवरात्र के शुभ मुहूर्त में शुभ कार्य किया गया, इस जनकल्याणकारी पहल के लिए ग्राम के सरपंच, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने प्रेमदास बघेल की सराहना करते हुए उनके इस प्रयास की प्रशंसा की तथा यह मंदिर ग्राम की आस्था, श्रद्धा और धार्मिक एकता का प्रतीक बनेगा, ग्रामवासियों ने इस पुनीत कार्य के सफलतापूर्वक पूर्ण होने की कामना की है। भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जंगलोर के पूर्व सरपंच खोजराम कोशले फंदू, सरपंच प्रतिनिधि गजेंद्र घृतलहरे, उपसरपंच अर्जुन वर्मा सहित कई पंच एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

भूतपूर्व सैनिक ईश्वर लाल साहू को डॉक्टरेट की मानद उपाधि



पलारी। विकासखंड पलारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ससहा में व्याख्याता के पद पर कार्यरत भूतपूर्व सैनिक ईश्वर लाल साहू को समाजसेवा, शिक्षा, खेल और नशा उन्मूलन के क्षेत्र में योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि एवं 'भारत गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। अचीवर अवार्ड काउंसिल, दिल्ली द्वारा प्रदत्त सम्मान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने प्रदान किया। ईश्वर लाल साहू ने भारतीय सेना में 18 वर्षों तक सेवाएं देकर देश की रक्षा में योगदान दिया। सेवानिवृत्ति के बाद वे शिक्षा, समाजसेवा, धार्मिक गतिविधियों और जनजागरूकता के कार्यों में सक्रिय हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों को निःशुल्क आयुर्वेदिक सेवा देने के साथ वे जुआ एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। खेल के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने पायका खेल, ग्रामीण खेल, महिला खेल एवं युवा महोत्सव जैसी गतिविधियों के आयोजन में भूमिका निभाई है। इसके अलावा जिला कबड्डी संघ तथा स्काउट एवं गाइड के माध्यम से भी सेवाएं दी हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद उन्होंने ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं, विद्यालय परिवार और उन सभी सहयोगियों की है।

बच्चों को शिक्षा के साथ अध्यात्म से जोड़ने पर दिया जोर : विमल अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसींवा

सरसींवा में महाराजा अग्रसेन जयंती का समापन

अग्रवाल समाज सरसींवा द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में 3 अक्टूबर से प्रारंभ हुए विविध कार्यक्रमों का समापन 11 अक्टूबर को भव्य शोभायात्रा एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हर्षोल्लासपूर्वक किया गया। पूरे आयोजन में समाज के लोगों ने उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक एकता, शिक्षा, संस्कार एवं सेवा की भावना का संदेश दिया गया।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर के चार्टर्ड अकाउंटेंट विमल अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्म से जोड़ने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन में आध्यात्मिक संस्कारों का होना अत्यंत आवश्यक है। आध्यात्म से जुड़ाव बच्चों में अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्यों, अनुशासन और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करता है। आधुनिक शिक्षा के साथ आध्यात्मिक ज्ञान एवं पारिवारिक संस्कारों का समन्वय बच्चों को एक अच्छा नागरिक और संस्कारवान व्यक्तित्व बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस भव्य आयोजन ने समाज में एकजुटता का संदेश देते हुए नई पीढ़ी को महाराजा अग्रसेन जी के विचारों और गौरवशाली परंपराओं से जुड़ने की प्रेरणा दी।



मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान और भव्य शोभायात्रा

इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को विमल अग्रवाल की ओर से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सम्मानित करने की इस पहल से बच्चों का उत्साहवर्धन हुआ तथा समाज में शिक्षा और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का सकारात्मक संदेश गया। महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर 11 अक्टूबर को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा के माध्यम से महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों, समाजसेवा, समानता, सहयोग और परोपकार की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। 3 अक्टूबर से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों ने समाज के लोगों को एक मंच पर जोड़ने तथा आपसी मेल-मिलाप और भाईचारे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अग्रवाल समाज सरसींवा के इस आयोजन में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों की सहभागिता सराहनीय रही।

एसएडीओ एवं आरएईओ को कार्य मे तेजी लाने के निर्देश

छूटे हुए किसानों का पीवी एप में सत्यापन शीघ्र कराएं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत पीव्ही एप में सत्यापन के लिये शेष रकबों का शीघ्र सत्यापन पूरा करने तथा इसके लिए आवश्यक समन्वयक के लिए कृषि विभाग के एसएडीओ एवं आरएईओ को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि समर्थन मूल्य में धान बिक्री के लिए किसान का पीव्ही एप में सत्यापन जरुरी है।

पिछले वर्ष जिन किसानों ने धान विक्रय किया था उनका सत्यापन नहीं छूटना चाहिए तथा जो इस बार पंजीयन कराए हैं उनका भी सत्यापन कराएं। उन्होंने सत्यापन कार्य के लिए किसान मित्रो का भी सहयोग लेने कहा। इसके साथ ही किसी आरएईओ द्वारा लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की भी चेतावनी दी। उन्होंने अगले माह के 15 नवम्बर से प्रस्तावित समर्थन मूल्य मे धान खरीदी तैयारी की समीक्षा करते हुए कहा कि इस बार 15 नये उपार्जन केन्द्र बने है। सभी उपार्जन केंद्रों मे धान खरीदी से समाबंधित सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर लिया जाए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों मे राशि जारी होने के बाद भी अप्रारम्भ आवासों को जल्द शुरू कराने एवं छत लेवल वाले आवासो को पूर्ण कराने कहा। उन्होंने वीबी -जी राम जी योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों मे अधिक से अधिक श्रमिकों को रोजगार दिलाने के भी निर्देश दिये।

कलेक्टर ने सुपोषित बचपन अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र के गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को सुपोषण लड्डू वितरण, मेडिकल जांच एवं एनआरसी भर्ती की समीक्षा करते हुए बच्चों का पुनः मेडिकल जांच,उपचार व दवाई उपलब्ध कराने कहा।इस दौरान राजस्व प्रकरण, एनएच चौडीकरण, स्वामित्व योजना, ए ऑफिस, समय सीमा के आवेदन, सीएम हेल्पलाइन, सीपी ग्राम्स आदि की समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर एआर टंडन, निशा नेताम मड़ावी, सीमा ठाकुर सहित एसडीएम जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर ने रोशनी पुरैना को दी मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल

बलौदाबाजार। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को सहायता एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को रोशनी पुरैना को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की। ट्राइसाइकिल मिलने से अब रोशनी के लिए आवागमन आसान होगा और उन्हें आने-जाने में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने से रोशनी के दैनिक जीवन में सुविधा बढ़ेगी तथा वे पहले की तुलना में अधिक सहजता से अपने जरूरी कार्य कर सकेंगी। यह पहल दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवन को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।इस सहयोग के लिए रोशनी पुरैना ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "विष्णु भैया की सुशासन सरकार दिव्यांगजनों के लिए निरंतर अच्छा काम कर रही है। दिव्यांगजनों की जरूरतों को समझते हुए उन्हें सहायता और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मैं सरकार को धन्यवाद देती हूं।"जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।



सीईओ ने भाटापारा जनपद के विकास कार्यों का किया निरीक्षण, दिए कड़े निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने मंगलवार को जनपद पंचायत भाटापारा अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में वीबी-जीरामजी योजना के तहत संचालित विकास एवं रोजगारमूलक कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं कार्यस्थल की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नया तालाब निर्माण कार्य, सिंचाई नाली निर्माण कार्य, पीडीएस भवन निर्माण कार्य का अवलोकन करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने कार्य को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप गुणवत्तापूर्वक एवं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों का सीधा लाभ ग्रामीणों को प्राप्त हो, इसके लिए कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो तथा श्रमिकों को नियमित रूप से रोजगार उपलब्ध कराया जाए। सिंचाई संबंधी अधोसंरचना को ग्रामीण क्षेत्रों की कृषि गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कार्य की गुणवत्ता एवं उपयोगिता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से कार्यस्थलों का निरीक्षण करें, श्रमिकों की उपस्थिति एवं कार्य प्रगति की निगरानी करें तथा स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि शासन की महत्वपूर्ण वीबी-जी राम जी योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में प्रत्येक जॉब कार्डधारी परिवार को 125 दिवस तक रोजगार उपलब्ध कराने के लक्ष्य की दिशा में प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए।

सेमराडीह स्कूल में शिक्षा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शिक्षा सम्मान समूह के तत्वावधान में शासकीय उच्च माध्यमिक शाला ग्राम सेमराडीह में कक्षा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इस वर्ष आयोजित त्रैमासिक परीक्षा में प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप पहाड़ा, पेंसिल, कलम, कॉपी और पानी की बोतल प्रदान की गई। आयोजकों ने इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने, प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच प्रमिला वर्मा, उपसरपंच देवनाथ साहू, विद्यालय के प्राचार्य गिरीश पटेल, शिक्षाविद एवं विवेकानंद विचार मंच के संयोजक संदीप पांडेय तथा शिक्षा सम्मान समूह के उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू उपस्थित रहे। इसके अलावा सूरज तिवारी, तेजराम यादव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रवि साहू, उपाध्यक्ष तरुणा वर्मा, लखेश्वर साहू, पुनीत यदु, सुखराम, दिलेश्वरी, मंजुला, इंद्र, शिक्षक खूबचंद सिन्हा, राजेश्वरी बघेल, कोसले सर, टंडन सर, नंदा मैडम, वैशाली वर्मा, भानु ध्रुव, मुकेश, कोमल, पुष्पा, बिंदिया, कुंवर सिंह एवं फुलेश्वरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य

बलौदाबाजार। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना का लाभ ले रहे जिले के किसानों के लिए भारत सरकार द्वारा एग्री स्टैक पोर्टल में फार्मर आईडी पंजीकरण हेतु निर्देश जारी किए हैं। भारत सरकार और राज्य शासन के आदेशानुसार, पीएम-किसान योजना की आगामी किश्तों के लिए एग्री स्टैक पंजीकरण अनिवार्य किया जा चुका है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि समीक्षा में पाया गया है कि जिले में अभी भी कई किसानों का पंजीकरण होना शेष है। यदि छूटे हुए किसानों ने समय पर अपना डिजिटल पंजीकरण पूर्ण नहीं कराया, तो वे आगामी किश्तों के लाभ से पूरी तरह वंचित हो सकते हैं। एग्री स्टैक केंद्र सरकार की एक डिजिटल प्रणाली है, जो किसान की भूमि के रिकॉर्ड (खसरा), आधार और मोबाइल नंबर को जोड़कर एक विशिष्ट फार्मर आईडी तैयार करती है। जिले के सभी लंबित किसानों को अवगत कराया गया है कि इस प्रक्रिया को पूर्ण किए बिना उनके खातों में आगामी राशि ट्रांसफर नहीं की जा सकेगी।पंजीयन के लिए आधार कार्ड,भूमि के दस्तावेज मोबाईल नम्बर जरुरी है।

जिला प्रशासन ने सभी शेष किसानों से विशेष अपील की है कि वे किसी भी अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना, चॉइस सेंटरों में जाकर आज ही अपना पंजीयन सुनिश्चित करें ताकि उनकी पीएम-किसान की किश्त निरंतर मिलती रहे।

बैंकर्स मीट कार्यशाला में लंबित ऋण प्रकरणों के त्वरित समाधान पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा पीएमएफएमई योजना की लक्ष्य पूर्ति हेतु हितग्राहियों को बैंकिंग सेवाओं, ऋण योजनाओं एवं वित्तीय सहायता की उपलब्धता से लाभान्वित कराना और उनके समक्ष आने वाली वित्तीय चुनौतियों का समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बलौदाबाजार एवं रायल भाटापारा में बैंकर्स मीट कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में विकासखण्ड भाटापारा एवं सिमगा क्षेत्र के पीएमएफएमई हितग्राहियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जिले के प्रमुख बैंकों में भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बडौदा, यूनियन बैक, एक्सिस बैंक, छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक, आईडीबीआई बैंक सहित अन्य बैंकों के अधिकारियों ने भाग लेकर उपस्थित उद्यमियों को पीएमएफएमई वित्तीय योजनाओं के अंतर्गत ऋण सुविधाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बैंक अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला। उपस्थित उद्यमियों ने अपने प्रकरण से जुड़ी समस्याओं को साझा किया, जिन पर बैंक अधिकारियों ने समाधान और मार्गदर्शन प्रदान किया। मौके पर संबंधित बैंक शाखा से लंबित ऋण प्रकरणों एवं ऋण स्वीकृति प्रदाय करने चर्चा किया गया। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र गुणेश्वरी साहू ने लंबित पीएमएफएमई योजना के तहत प्रकरणों के लिए कार्यक्रम अहम भूमिका निभायेगा और भविष्य में ऐसे और भी संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही। इस अवसर पर एलडीएम शिव कुमार कंवर उद्योग विभागों के अधिकारी, शाखा प्रबंधक एवं उद्यमी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



विद्यार्थियों को रोजगार एवं उच्च शिक्षा के अवसरों की दी गई जानकारी

करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में 12वीं के छात्रों को मिला गुरुमंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ करहीबाजार

शासकीय विद्यालय में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं कैरियर निर्माण के उद्देश्य से कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला रोजगार अधिकारी सुश्री मनोरमा भगत ने विद्यार्थियों को 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद रोजगार, उच्च शिक्षा एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। मनोरमा भगत ने विद्यार्थियों को रोजगार पंजीयन कराने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने संकाय के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया तथा भविष्य में बेहतर कैरियर के लिए उपलब्ध विकल्पों की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने आईटीआई, पीईटी, पीएमटी, नर्सिंग, पॉलिटेक्निक एवं कौशल विकास जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों और प्रवेश परीक्षाओं के संबंध में भी विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने कैरियर एवं भविष्य की पढ़ाई से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका सुश्री भगत ने सरल एवं सहज तरीके से उत्तर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुसार सही कैरियर विकल्प चुनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य ईश्वर लाल देवदास, शिक्षिका अलका राठौर, सुनीता ध्रुव, एलएन सोनी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को 12वीं के बाद उपलब्ध रोजगार एवं उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसरों से अवगत कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।



